सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बस्ती। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह अक्टूबर के



तृतीय शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्न की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील रूधौली में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जनशिकायतों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होने कहा कि शिक़ायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुने और स्थलीय मौका देखकर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भी सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों से संबंधित मामलों को तत्परता से निस्तारण करायें। उप जिलाधिकारी अहमद फरीद खान ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया।

इसमें राजस्व विभाग 27, पुलिस 03, विकास 04, पूर्ति 9, समाज कल्याण के 2, विद्युत के 4, बैंक के 1, चकबन्दी के 2, नगर पंचायत 04 मामलें आये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा. राजीव निगम, पीडी आनन्द कुमार गुप्ता, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार, कृषि अधिकारी बी.आर. मौर्या, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, डीएसओ विमल शुक्ला, डीआईओएस संजय सिंह, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, एलडीएम आर.एन. मौर्य तथा जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डीजे संचालकों के साथ एसएचओ ने की बैठक

हरैया(बस्ती)। नवरात्रि/दशहरा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए थाना परिसर में शनिवार को डीजे संचालकों के साथ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार



की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि डीजे मानक के अनुरूप ही बजना चाहिए। तेज ध्वनि में बजाने और प्रतियोगिता करने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने माननीय न्यायालय और शासन के निर्देशों का कड़ाई के साथ पालन कराने के लिए पुलिस कर्मियों को भी निर्देशित किया। कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है। डीजे से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए संचालक जिम्मेदार होगे।

जिलाधिकारी ने मतदेय स्थल का किया निरीक्षण

बस्ती। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को आयोजित विशेष कैंप में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने रुधौली विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय, रुधौली कला स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति, आवेदन प्रक्रिया तथा पात्र नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम शामिल कराने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर नागरिकों को



आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दें तथा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। साथ ही, जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे निर्धारित प्रपत्र भरकर आवेदन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान उप जिलाधिकारी रूधौली अहमद फरीद खान सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

डायट में दो शैक्षिक कार्यक्रमों का समापन

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को दक्ष हस्तपुस्तिका आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण तथा दो दिवसीय नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन हुआ। दोनों कार्यक्रमों में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी प्रबंधन और शिक्षण प्रक्रिया को नवाचारपूर्ण बनाने पर जोर दिया गया।

माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए आयोजित दक्ष हस्तपुस्तिका आधारित प्रशिक्षण में विद्यालय नेतृत्व, लक्ष्य निर्धारण, वित्तीय प्रबंधन, शैक्षिक नवाचार, सामुदायिक सहभागिता, अंतर विभागीय समन्वय, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा की गई।समापन समारोह को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य संजय शुक्ल ने कहा कि प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को विद्यालयों



में प्रभावी ढंग से लागू करने में है। उन्होंने प्रधानाचार्यों से विद्यालयों को केवल प्रशासनिक इकाई न मानकर शैक्षिक परिवर्तन और नवाचार का केंद्र बनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा शुक्ला ने बताया कि विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। इनमें डॉ. रविनाथ, डॉ. अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, आफताब आलम, शशि दर्शन त्रिपाठी, अमन सेन, डॉ. ऋचा शुक्ला, इंद्र बहादुर वर्मा और योगेश शुक्ल शामिल रहे। प्रशिक्षण को सहभागी एवं समस्या-समाधान आधारित बनाने पर विशेष बल दिया गया। वहीं शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज उन्मुखीकरण कार्यशाला में शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने, नवीन शैक्षिक गतिविधियों को अपनाने और विद्यालयों में बेहतर कार्यप्रणालियों के प्रयोग पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के नोडल डॉ. गोविन्द प्रसाद ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उपयोगी नवाचारों एवं बेहतर शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना रहा। दोनों कार्यक्रमों के समापन पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं को उपयोगी बताते हुए कहा कि इनसे विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता और प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। दक्ष हस्तपुस्तिका आधारित प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड में प्रियांशु ने मारी बाजी

बस्ती। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में गौर ब्लॉक के प्रियांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कप्तानगंज ब्लॉक के आर्यन ने द्वितीय और सल्टौवा ब्लॉक की रोशनी यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित कुल 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे मेहनत करें और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। अभी जीवन में बहुत सी परीक्षाएं देनी हैं और आगे बढ़ने के अनेक अवसर मिलेंगे। किसी एक परीक्षा में सफलता या असफलता ही जीवन का पैमाना नहीं होती। इसलिए बच्चों को किसी परिणाम से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। निरंतर अभ्यास, लगन और आत्मविश्वास से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के नोडल प्रवक्ता अलीउद्दीन खान ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर दिया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में गणितीय समझ, तार्किक चिंतन और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने के साथ गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ाना है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप-10 विद्यार्थियों को स्टेशनरी, बैग आदि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में एआरपी अखिलेश मिश्र, बब्बन पाण्डेय, रवीश कुमार मिश्र, संतोष तिवारी, अंकित सिंह, बालमुकुंद, राहुल उपाध्याय, मनीष श्रीवास्तव, मनीष कुमार और जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को साइबर टीम ने किया जागरूक

हरैया(बस्ती)। स्थानीय थाने की साइबर टीम द्वारा शनिवार को मॉडर्न इरादा कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में साइबर क्राइम के बारे में जागरूक



करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम द्वारा विद्यार्थियों को समय पर हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

जानकारी के अनुसार मॉडर्न इरादा कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में मिशन शक्ति फेज -6 के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल राजेश यादव महिला कांस्टेबल बबिता तथा सोनाली तिवारी द्वारा छात्रों एवं महिलाओं को सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें नए कानून और साइबर हेल्पलाइन 1930 के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को वीमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही थाने का सीयूजी नंबर 9454403112 को किसी भी संकट के समय मिलने के लिए जागरूक किया गया। एक अन्य जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में साइबर टीम के उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, कांस्टेबल विवेकानंद यादव और राजेश यादव द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराध के रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। छात्र छात्रों एवं शिक्षकों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा इसकी वेबसाइट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सभी को साइबर हेल्प डेस्क कार्यालय का भ्रमण कराकर विभिन्न पोर्टल के बारे में बताया गया।

मां दुर्गा की प्रतिमा की पट्टी का अनावरण

बस्ती। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जनपद के कंपनी बाग चौराहे पर मल्होत्रा मेडिकल के सामने स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा की पट्टी का अनावरण सप्तमी तिथि को विधि-विधान के साथ



किया गया। पट्टी का अनावरण होते ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। उल्लेखनीय है कि कंपनी बाग चौराहे पर विगत कई वर्षों से मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाती रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी नवरात्र के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। सप्तमी तिथि पर गायत्री मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद मां दुर्गा की आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति से सराबोर माहौल में लोगों ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर पवन मल्होत्रा, ओम प्रकाश अरोरा, विनोद सचदेवा, हिमांशु सेन, शिवम खत्री, हरि सिंह, साहब सचदेवा, मुकेश मल्होत्रा, जयप्रकाश अरोरा, विनय गौड़, सिद्धार्थ, विमल अरोरा, परवेश, लक्ष्मी अरोरा, पदमन मल्होत्रा, शाम्भवी खत्री, दीपिका और शुभम गौड़ गांधी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मेधा के धरने को पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर ने दिया समर्थन

बस्ती। मेधा पार्टी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में सुधार, यूजीसी के नये कानून की वापसी सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधीकला भवन परिसर में बापू प्रतिमा के निकट चल रहा धरना शनिवार को 55 वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर ने समर्थन देते हुये कहा कि छात्रों को जाति, धर्म के दायरे में बांटना अनुचित है। बेमुला प्रकरण की चर्चा करते हुये जुगुल किशोर ने कहा कि इसे मानक नहीं मानना चाहिये। अच्छा हो कि सरकार यूजीसी के नये कानूनों पर पुर्नविचार कर उसे वापस ले लेना चाहिये। मेधा पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता दीन दयाल त्रिपाठी ने कहा कि कहा कि 55 दिन के लम्बे धरने के बावजूद अभी तक केन्द्र सरकार के स्तर पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। उन्होने पूर्व आईपीएस जुगुल किशोर को 55 दिन से चलाये जा रहे धरने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये मेधा के उद्देश्यों की जानकारी दी। मेधा पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पं. सुनील भट्ट ने कहा कि सरकार छात्रों को जाति, धर्म के ढांचे में बाटने का षड़यंत्र बंद करे और मनमाने कानून को वापस ले। धरने के



55 वें दिन मुख्य रूप से बापू प्रतिमा के निकट धरना देने वालों में मुख्य रूप से उमेश पाण्डेय मुन्ना, प्रशान्त पाण्डेय, विशाल सिंह, दीपक शुक्ला, वृजेश द्विवेदी, अजय कुमार चौधरी, राहुल त्रिपाठी, विपुल सिंह, कृष्ण कुमार पाठक, गौरीशंकर त्रिपाठी, आदित्य नरायन त्रिपाठी, सुयश पाठक, दिव्यांश पाण्डेय, निखिल पाण्डेय, सन्तोष प्रधान, गुड्डू मिश्र, प्रमोद उपाध्याय, वृजेश कुमार पाण्डेय, वृहस्पति त्रिपाठी, उदय पाण्डेय, कृपाशंकर तिवारी के साथ ही मेधा के अनेक पदाधिकारी, सदस्य और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल रहे।

प्राथमिक विद्यालय में किया गया कन्या पूजन

हरैया(बस्ती)। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया में मिशन शक्ति के छठे चरण के उपलक्ष्य में नवरात्र में विद्यालय की कन्याओं का परंपरागत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ पूजन किया गया। मुख्य अतिथि हरैया के प्रसिद्ध व्यवसायी और समाज सेवी अमित गुप्ता रहे।

उन्होंने कहा भारत की संस्कृति और समाज में महिलाओं का श्रेष्ठ स्थान है। भारतीय समाज और राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने के लिए बेटियों को संस्कार युक्त अच्छी शिक्षा आवश्यक है। छात्राओं की शिक्षा में सहयोग करने का सौभाग्य बहुत बड़ी उपलब्धि है। मुख्य अतिथि तथा प्रधानाध्यापिका और हरैया ब्लाक की मिशन शक्ति नोडल भारती शुक्ला ने छात्राओं के पद प्रक्षालन करने के बाद तिलक किया और विद्यालय की छात्राओं का श्रृंगार किया। मुख्य अतिथि अमित गुप्ता ने छात्राओं को प्लेट,कापी, पेंसिल, इरेजर, टाफी आदि उपहार दिया।



मिशन शक्ति की हरैया ब्लाक नोडल श्रीमती शुक्ला ने कहा कि भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार लड़कियों की शिक्षा के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। प्राचीन काल से अद्यतन महिलाओं ने परिवार समाज और राष्ट्र को सशक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महिलाओं में दुर्गा की शक्ति, लक्ष्मी का वैभव और सरस्वती का ज्ञान समाहित है।उत्तर प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति के द्वारा मातृ शक्ति को सुरक्षित कर अच्छी शिक्षा के माध्यम से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया है। अच्छी कानून व्यवस्था के कारण छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने में सुगमता हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं को पुलिस की सहायता प्राप्त करने के लिए 1076, 1098 आदि अनेक नंबर उपलब्ध कराया है जिससे उनके आत्मविश्वास में सकारात्मक वृद्धि हुई है।कार्यक्रम में अन्वी,सिया, सृष्टि, स्नेहा, आरुषि, आकांक्षा, पायल, काव्या, सोनाक्षी, अंशू, माही नीता आदि छात्राओं का कन्या पूजन सहायक अध्यापक सुरभि पटेल, सविता वर्मा, रसोइया कौशिल्या, उर्मिला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भगवती जागरण में झूमे श्रद्धालु, गूंजे माता रानी के जयकारे

जलेबीगंज, हरैया(बस्ती)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय कस्बे में माँ वैष्णो समिति द्वारा आयोजित श्री दुर्गा पूजा समारोह में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जागरण में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।



कार्यक्रम में गायिका उर्मिला राज एवं संजू दूबे ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते हुए माता के गीत लगेलू तूँ दुल्हनिया हे मइया...., गौरा तो जायेगी भोले बाबा के साथ.... के साथ पचरा और भक्ति गीत प्रस्तुत किए। उनके भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। बीच-बीच में लगे माता रानी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में जागरण का आनंद लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष मिश्र रहे। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

जागरण के आयोजन में अवधेश मोदनवाल, रानू, पुरुषोत्तम, दुर्गेश मोदनवाल, विशाल, संजय, रिंटू, सूर्यप्रकाश, सुनील मोनू, सुमित, सचिन, पिंटू, सूर्यांश, पप्पू और लालचंद सूरज सहित आयोजन मंडल के सदस्यों ने सहयोग किया।

शादी का झांसा देकर बालिका को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

दुबौलिया, हरैया(बस्ती)। स्थानीय पुलिस ने बालिका को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भाग ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय समक्ष पेश किया तथा बालिका को बरामद कर मेडिकल के लिए चिकित्सालय भेज दिया। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र की बालिका को शादी का झांसा देकर बहला फुसला ले जाने के मामले में अपराध संख्या 196/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी तथा बालिका की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। शुक्रवार को गठित टीम ने बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। शनिवार को उन्होंने अपने हमराही उप निरीक्षक मोहम्मद असजद, अजय कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह तथा महिला कांस्टेबल खुशबू सिंह के साथ रमवापुर गन्ना कांटा के सामने से आरोपी शेषमणि पुत्र राजाराम निवासी रमना तौफीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया तथा बालिका को मेडिकोलीगल के लिए जिला चिकित्सालय बस्ती भेज दिया।



मुण्डेरवां सीएचसी पर सुविधाओं का टोटा, सीएमओ से मिले रालोद नेता

बस्ती, । राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी एवं जिला महासचिव सुनील कुमार पाण्डेय, प्रधान परशुराम यादव, महाजन चौधरी आदि ने मुख्य चिकित्साधिकारी राजीव कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मुण्डेरवां कस्बे मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली से अवगत कराया। रालोद नेताओं ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग किया है।



सौंपे गये ज्ञापन मे कर्मचारी के अभाव मे एक्स रे मशीन न संचालित होना, नियमों को दरकिनार कर डा. मेहताब और डा. शिप्रा आदि का चिकित्सकों का सात आठ वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने, चिकित्सकों द्वारा डियूटी मे घोर लापरवाही बरतने, अस्पताल मे लगी जांच मशीनों का केमिकल के अभाव मे संचालित न होने की शिकायतें शामिल हैं। रालोद नेताओं ने कहा कि सुविधायें रहते हुये जनता को अस्पताल से बाहर जाकर निजी पैथालोजी पर भारी फीस देकर जांच करानी पड़ रही है। इससे सरकार की निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं की मंशा हाशिये पर है। समय रहते समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो उच्च स्तर पर शिकायत की जायेगी।

भाजपा सरकार शिक्षक हितों के लिए प्रतिबद्ध-राजेश पाल चौधरी

बस्ती। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर फैजाबाद से भाजपा प्रत्याशी मा ध्रुव कुमार त्रिपाठी के पक्ष में आने वाले 23 अक्टूबर को मतदान हेतु समर्थन,सहयोग,और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष बस्ती विवेकानंद मिश्रा के मार्ग दर्शन में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश पाल चौधरी, एवं भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ बस्ती के जिला संयोजक डॉ रघुवर पाण्डेय के नेतृत्व में आज बस्ती जनपद के विभिन्न विद्यालयों .बाबूराम जय जय राम चौधरी इंटर कॉलेज बस्ती, शिव



महिला पी जी कॉलेज बस्ती, ए पी एन पी जी कॉलेज बस्ती,तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों से जनसंपर्क किया तथा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने हेतु हर्ष उपाध्याय किसान इंटर कॉलेज महूडर पटखौली बस्ती,देशराज नारंग इंटर कालेज वाल्टरगंज बस्ती, संवाद तथा निवेदन किया गया

क्षेत्रीय मंत्री भाजपा राजेश पाल चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षक हितों के लिये प्रतिबद्ध है। सरकार के लिए शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि है। जिला संयोजक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ बस्ती डॉ रघुवर पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों के लिए चिकित्सा हेतु कैशलेश कार्ड ,सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।